**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 950**

**उत्तर देने की तारीख : 08.02.2024**

# पीएमईजीपी के माध्यम से रोजगार सृजन

**950. श्री नारणभाई काछड़िया:**

**श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर:**

**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:**

**श्री देवजी पटेल:**

**श्री दिलीप शइकीया:**

**श्री बिद्युत बरन महतो:**

**श्रीमती संध्या राय:**

**श्री सुनील बाबूराव मेंढे:**

**क्या *सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम* मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) विगत तीन वर्षों के दौरान विशेष रूप से गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, झारखंड और मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की स्थिति और उद्देश्य क्या हैं तथा इस योजना के अंतर्गत वर्ष-वार और राज्य-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और**

**(ख) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत सृजित रोजगार का ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों के दौरान कितने उद्यमों की सहायता की गई तथा अनुमानतः कितने रोजगार का सृजन हुआ तथा कितनी राजसहायता संवितरित की गई है?**

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)**

**(क): पीएम विश्वकर्मा योजना दिनांक 17.09.2023 को उन कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक समग्र सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी, जो औजारों का उपयोग करके अपने हाथों से 18 व्यवसायों में काम करते हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना 5 वर्षों की अवधि के लिए इसके कार्यान्वयन हेतु 13,000 करोड़ रुपए के बजटीय परिव्यय के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। चूंकि यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, राज्य-वार निधियों का आवंटन नहीं किया जाता है। दिनांक 05.02.2024 तक कारीगरों एवं शिल्पकारों के आवेदनों की कुल संख्या 93,21,360 है। तीन स्तरों के सत्यापन के बाद लाभार्थियों के सफल पंजीकरण की कुल संख्या 3,63,556 है। लाभार्थियों के सफलतापूर्वक पंजीकरण का राज्य-वार विवरण अनुबंध पर दिया गया है।**

**(ख): वर्ष 2008-09 में प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की शुरुआत से दिनांक 22.01.204 तक इस योजना के तहत 9.35 लाख उद्यमों को सहायता प्रदान की गई है, जिससे 76.35 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हुआ है। विगत तीन वर्षों के दौरान, सहायता प्राप्त उद्यमों की संख्या, अनुमानित सृजित रोजगार और संवितरित सब्सिडी का विवरण नीचे दिया गया है:-**

| वर्ष | सहायता प्राप्त इकाइयां | मार्जिन मनी सब्सिडी (करोड़ रुपए में) | अनुमानित रोजगार (लाख व्यक्ति में) |
|---|---|---|---|
| **2021-22** | 1,03,219 | 2,977.66 | 8.25 |
| **2022-23** | 85,167 | 2,722.17 | 6.82 |
| **2023-24 (दिनांक 22.01.2024 तक)** | 65,324 | 2,400.05 | 8.61 |

*****

**अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | चरण 3 पर कुल सफल पंजीकरण |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 44,827 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 29 |
| 3 | असम | 37,807 |
| 4 | बिहार | 1 |
| 5 | चंडीगढ़ | 21 |
| 6 | छत्तीसगढ | 7,366 |
| 7 | दिल्ली | 0 |
| 8 | गोवा | 5,486 |
| 9 | गुजरात | 60,808 |
| 10 | हरियाणा | 3,767 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 1,956 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 29,878 |
| 13 | झारखंड | 6,280 |
| 14 | कर्नाटक | 1,16,399 |
| 15 | केरल | 3,993 |
| 16 | लद्दाख | 1,229 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 1,701 |
| 18 | महाराष्ट्र | 12,052 |
| 19 | मणिपुर | 114 |
| 20 | मेघालय | 0 |
| 21 | मिजोरम | 0 |
| 22 | नागालैंड | 0 |
| 23 | ओडिशा | 6,168 |
| 24 | पुडुचेरी | 0 |
| 25 | पंजाब | 2,440 |
| 26 | राजस्थान | 5,334 |
| 27 | सिक्किम | 0 |
| 28 | तमिलनाडु | 1 |
| 29 | तेलंगाना | 1 |
| 30 | त्रिपुरा | 1,051 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 12,203 |
| 32 | उत्तराखंड | 2,573 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 1 |
| | **कुल** | **3,63,556** |